7401-01

Printed Pages : 4

Degree (Part-I) Examination, 2021

(Vocational - Composition)

HINDI

[Paper : First]

[PPU-D-I-(V)-(COMP)-HIN(100M)]

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 100

निर्देशः परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [12×3=36]

(क) निम्नलिखित में से **किसी एक** कवि का काव्यगत परिचय दीजिए :

तुलसीदास, रसखान, रामधारी सिंह दिनकर

(ख) सूरदास के विरह-वर्णन की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) 'बुधिया' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) पौराणिक नारी के रूप में सबिया की विशेषता बतलाइये।

Scanned by TapScanner

(ङ.) मीराबाई की पठित रचनाओं के आधार पर उनकी भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [8×3=24]

(क) निसिदिन बरसत नैन हमारे।

सदा रहत पावस ऋतु हम पर, जबते स्याम सिधारे।।

अंजन थिर न रहत अखियन में, कर-कपोल भये कारे।

कंचुकि-पट सूखत नहिं कबहुँ, उर बिच बहत पनारे।।

(ख) रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।

पानी गए न उबरे, मोती मानुस चून।।

(ग) दोनों खेत की दशा देख रहे थे। मुन्नी के मुख पर उदासी छाई हुई थी, पर हल्कू प्रसन्न था।

(घ) सच तो यह है कि मैं सबिया को उस पौराणिक नारी के निकट पाती हूँ जिसने अपने जीवन की सीमारेखा किसी अज्ञात लोक तक फैला दी थी।

(ङ.) अधर धरत हरि के परत, ओंठ, दीठ, पट जोति।

हरित बाँस की बाँसुरी, इन्द्रधनुष दुति होति।।

Scanned by TapScanner

3. निम्नलिखित में से **किसी एक** पर निबन्ध लिखिए : [1×15=15]

(क) आपका प्रिय कवि

(ख) पर्यावरण की समस्या

(ग) दूरदर्शन

(घ) व्यावसायिक शिक्षा का महत्त्व

(ङ.) महात्मा गाँधी

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए : [3×5=15]

(क) उपसर्ग और प्रत्यय में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

कमल, सूर्य, अग्नि, हवा, गंगा

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

कृतज्ञ, अमीर, पतला, निर्धन, स्वदेशी

(घ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिए :

कान काटना, गाल बजाना, कमर कसना, आँख मिलना, ईद का चाँद होना

(ङ.) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) आपका दर्शन हुआ।

(ii) उनका प्राण निकल गया।

Scanned by TapScanner

(iii) मुझे गरम गाय का दूध चाहिए।

(iv) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती है।

(v) उसने कही थी।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [10×1=10]

(क) रसखान किस काल के कवि हैं ?

(ख) दिनकर का पूरा नाम क्या था ?

(ग) कबीरदास भक्तिकाल की किस शाखा के कवि हैं ?

(घ) 'गोदान' किस विधा की रचना है ?

(ङ.) अम्बेडकर का पूरा नाम लिखिए।

(च) राष्ट्रपिता के रूप में कौन प्रसिद्ध हैं ?

(छ) सूरदास के आराध्य का नाम बतलाइये।

(ज) मैथिलीशरण गुप्त किस काल के कवि हैं ?

(झ) तुलसीदास की सर्व लोकप्रिय रचना का नाम बतलाइये।

(ञ) 'समय काटने वाले' किनकी रचना है ?

----- x -----

Scanned by TapScanner